The Supreme Court (Number of Judges) Act, 1956 was last amended in 2009 to increase the strength of Judges from 25 to 30, excluding the Chief Justice of India. The Supreme Court (Number of Judges) Act, 1956 originally provided for a maximum of 10 Judges excluding CJI. This number was increased to 13 by the Supreme Court (Number of Judges) Amendment Act, 1960, and to 17 in 1977. The working strength of the Supreme Court was, however, restricted to 15 Judges by the Cabinet, excluding the Chief Justice of India, till the end of 1979. But this restriction was withdrawn at the request of the Chief Justice of India. In 1986, the strength of the top Court was increased to 25, excluding the CJI. Subsequently, the Supreme Court (Number of Judges) Amendment Act, 2009 further augmented the strength of the Supreme Court Judges from 25 to 30.

I request the Government to make tenure appointments of retired apex court Judges and High Court Judges under Articles 128 and 224A of the Constitution respectively to clear backlog of cases pending for years.

Thought the size of the feeder cadre of Chief Justice and Judges of the High Courts has increased in the past, yet the strength has not been increased proportionally in the top court. I request the Government to bring a Constitutional Amendment to increase the retirement age of High Court Judges from 62 to 65 years. At present, out of 1,079 sanctioned posts, the actual Judges are 673 which means, there is a vacancy of 406 Judges which is around 38 per cent of the sanctioned strength of Judges. The existing vacancies need to be filled immediately.

Huge pendency of cases exists in the subordinate judiciary. The pendency is highest in the States of Uttar Pradesh, Maharashtra, West Bengal, Bihar and Gujarat. The Standing Committee on Law and Justice, in its 67th Report on the Infrastructure Development and Strengthening of Subordinate Courts, expressed its serious concern over the large number of vacancies existing in the subordinate courts and recommended that vacancies of judicial officers need to be filled up as both, vacancy of Judicial Officers and pendency of cases, are closely related to each other. The Committee further recommended that regular conducting of morning, evening, holiday courts, Lok Adalats, alternative dispute redressal mechanisms, etc., wherever feasible, can help in reducing the problem of pendency of cases in subordinate judiciary.

I also request that the Bombay High Court should be renamed as Mumbai High Court. There is one other request pending which is the

establishment of Kolhapur Circuit Bench. Our hon. Chief Minister has already taken initiative for that.

I support this Bill. Thank you very much.

***SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):** Hon'ble Chairperson, I thank you very much for giving me this opportunity to speak on 'The Supreme Court (Number of Judges) Amendment Bill, 2019. More than three crore cases are pending in various Courts across India. Of these, some cases have been under pendency for more than ten years. More than 60,000 cases in the Supreme Court of India, 42 lakh cases in High Courts, and 2,70,00,000 cases in District and lower courts are at pending stage. Every year 5 crore cases are filed, but judgement is given only in 2crore cases. There are many reasons for the pendency of cases. The most important reason among them is inadequate number of judges. In India, there are only 21,000 judges. If we compare the ratio of judges to people, there are 20 judges for every 10 lakh people. In 1987, the Law Commission of India recommended to the Union Government that the number of judges should be increased to 50, i.e. in the ratio of 50 judges for 10 lakh people. If we compare that proportion now, our population has increased by 25 crores.

Both the Union Government and the State Governments are pointing fingers at each other with regard to delay in appointment of additional judges. However, no action was taken by either of them. Therefore, the problem remains unsolved. Due to this tendency between the Union Government and the State Governments, people had to suffer. They have to languish in jails as remand prisoners. There are particularly, more number of Muslims are languishing in jails as remand prisoners. The under-trials are mostly between twenty and thirty years of

age. By the time the trial is over and their innocence is proved, they lose their youth hood. They are spending their youthful part of life in prison. What reply will the Government give them? I welcome the decision to increase the number of judges from thirty to thirty four. I also request that the number of judges should be increased to fifty. I request that a Southern Bench of Supreme Court has to be established in Chennai, as Delhi is far from southern states, the number of appeals filed in Supreme Court from southern states, are comparatively less. The access to justice is not enough for South Indians.

I also suggest that the number of working days for courts should be increased. The Supreme Court of India works for 196 days in a year. There are weekend holidays, public holidays, summer vacation, winter vacation etc. But High Courts function for 232 days and lower courts function for 244 days in a year. Therefore, the number of working days for Supreme Court of India has to be increased and the number of judges should also be increased. With these submissions, I conclude my speech. Thank you.

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Thank you, Madam Chairperson for giving me an opportunity to speak on the Supreme Court (Number of Judges) Amendment Bill, 2019. On behalf of Telugu Desam Party, I welcome this Bill and I also support this Bill.

Some of the eminent lawyers who have spoken before me have presented the case very constructively regarding the concerns they have. Some of the concerns that I have regarding this Bill are these. As far as increasing the number of Supreme Court Judges is concerned, it has been happening on a timely manner. Earlier, it started with Seven Supreme Court Judges and one CJI. In 1988, the number went up to 18 and then it was increased to 26. In the last decade, in 2009, the number was increased up to 31 including the CJI. Now, with the increase in the number of Judges by three, it is becoming 34 including the CJI.

Whenever there has been an increase in the number of Judges, the primary point is that there has been a low disposal rate and also the number of cases pending in the Supreme Court has been increasing. The primary way of addressing this is through increasing the number of Judges also. That is a point which I see here because as on 11th July this year, the number of cases pending in the Supreme Court is almost 59,331. There are a lot of cases which are waiting for justice in the country. The increase in the number of Supreme Court Judges will definitely help in addressing that issue. But I feel, that is not the only thing that the Government should be insisting on if it wants to expedite the disposal of cases or to make the Supreme Court function more efficiently.

I would like to bring to the notice of the Government the 229th Law Commission Report which suggests that other than having the Supreme Court sittings in Delhi, it needs to have other four Cassation Benches which need to be set up in different regions of the country. This demand has also been long pending. People from different parts of the country find it difficult to come to Delhi to file their cases or to go

for an appeal after a High Court judgement. They are constantly demanding for different Supreme Court Benches in their own regions. Coming from South India, I would request that, to start with, at least the Government can push the Supreme Court to establish a Supreme Court Bench in South India. As my colleague from the TRS Party has requested, one Bench can definitely be established in Hyderabad also.

I would also like to understand why only three more Judges are there in this case. The number can obviously be increased to six or nine or ten. What was the limitation for the Government to restrict it to three Judges this time? When Pinaki *ji* was speaking, he was mentioning that there could be a problem with accommodation. But, I think, the Government will have another reason for this as to why they have chosen to increase the number of Supreme Court Judges by three. It is because, if you look at the percentage of vacancies in all the courts across India, it was 23 per cent in 2006; it increased to 35 per cent in 2018. In the Supreme Court, the vacancies have increased from eight per cent to 23 per cent. In High Courts, the percentage of vacancies has increased from 16 to 38. So many vacancies are there across the courts. Definitely, there is a need to think over how to fill up the vacancies existing in the courts across the country.

Some Members have already spoken about the retirement age. One very good example has been presented by hon. Member Pinaki *ji* also that the retirement age for High Court Judges is 62 and the retirement age for the Supreme Court Judges is 65. Definitely, there is difference of age limits here. I would also like to know from the Government whether the Government is thinking of increasing this age limit. It is because, there is definitely a dearth of lawyers in this country

and also of the Supreme Court Judges who are dealing with these kinds of cases.

Considering this point, is there a reason for the Government to increase the retirement age?

I would like also to say that the establishment of the Supreme Court Bench in South India is very important. If you consider the number of cases that are being appealed in the Supreme Court from the High Court of Delhi or from the adjacent State High Courts like Haryana, Punjab or Uttarakhand, it is 9.3 per cent whereas if it comes to South India like Madras High Court, it is just 1.3 per cent and the State like Odisha has just less than one per cent of cases that are appealed in the Supreme Court. It is because of travelling and logistics costs which come into play. The number of cases that are being appealed from the South India in the Supreme Court is very low. So, I would like to request the Central Government again to push the Chief Justice of India and the Supreme Court to establish a Supreme Court Bench in South India.

With these points, I conclude my speech.

Thank you, Madam.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): सभापति महोदया जी, मैं उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2019 का समर्थन करने के लिए खड़ा हूं । हमारा देश न्यायालय को देवालय और न्यायाधीश को न्याय देवता मानने वाला देश है, लेकिन धीरे-धीरे जनमानस में न्याय प्रणाली पर विश्वास कम होता जा रहा है, लेकिन आज भी न्यायधीशों के बारे में आदर और सम्मान का भाव बना हुआ है । मैं चाहता हूं कि आने वाले दिनों में यह बना रहे तथा इसमें और वृद्धि हो । मैं सम्मानीय न्याय मंत्री, रवि शंकर प्रसाद जी का अभिनंदन करना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में, उनके कार्यकाल में ज्यूडिशियरी सिस्टम में बहुत बड़ा बदलावा आता हुआ दिखाई देता है । हम ने कॉमर्शियल कोर्स की व्यवस्था की है । हमने आर्बिट्रेशन बिल में संशोधन करके उसमें भी बहुत बड़ा बदलाव करते हुए, न्यायालय में जो प्रलंबित मामलों का निपटारा जल्दी से जल्दी कैसे किया जाए, इसके बारे में सरकार चिंतित होते हुए बहुत अग्रसर है । यह समाधान का बहुत अच्छा कदम है ।

सभापति महोदया, जब देश में अंग्रेज राज कर रहे थे, उनकी मातृभाषा अंग्रेजी थी, तो उन दिनों पूरे देश में अंग्रेजी भाषा में न्याय प्रणाली चलने लगी थी और आजादी के पश्चात् भी हमने उस परम्परा को कायम रखा है । मैं न्याय मंत्री जी से यह निवेदन करूंगा कि सभी राज्यों की राजभाषा में न्याय प्रणाली प्रारंभ करनी चाहिए । इससे बहुत बड़ा बदलाव आएगा । मैं वकीलों का आदर करते हुए इस बात को कहना चाहूंगा कि वकील सीखने के बाद केस खुद नहीं लड़ते हैं, वे अपने से बड़े वकीलों की नियुक्ति करते हैं । इसलिए न्याय प्रणाली महंगी होती जा रही है । हम अपनी मातृभाषा में बातचीत करेंगे तो न्याय प्रणाली स्पीडी और सस्ती होगी । इसके बारे में हमें बहुत जल्दी सोचना चाहिए । देश के प्रधान मंत्री वर्ष 2022 तक देश में बहुत बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं । मैं चाहूंगा कि यह बदलाव भी वर्ष 2022 तक आए और देश के सभी राज्यों की राजभाषा में न्याय प्रणाली चले ।

सभापति महोदया, न्याय प्रणाली बहुत महंगी होती जा रही है और सुप्रीम कोर्ट में यह ज्यादा महंगी होती जा रही है । मैं इस विषय में बहुत डिटेल में नहीं जाना चाहूंगा । हमारे देश में आधे केसेज लोगों को परेशान करने के लिए किए जाते हैं । जो पैसे वाले लोग हैं, वे न्याय पाने के लिए वहां नहीं जाते हैं । कॉरपोरेट सेक्टर में जिसको ठेका मिल गया, कॉन्ट्रैक्ट मिल गया, काम मिल गया, उसको परेशान करके काम को और कैसे विलंब करें, इसके लिए भी प्रयास हो रहा है । इसके बारे में सरकार को गंभीरता से अध्ययन करते हुए, इसमें बदलाव लाने के लिए प्रयास करना चाहिए ।

मैं सुप्रीम कोर्ट की प्रशंसा इसलिए भी करना चाहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट में केसेज का निपटारा फटाफट होता है । सुप्रीम कोर्ट में यह महंगी है, यह बात अपनी जगह पर है, लेकिन वहां पर केसेज का निपटारा बहुत जल्दी होता है, इसके लिए मैं सुप्रीम कोर्ट के जजेज को धन्यवाद भी देना चाहता हूं ।

सभापति महोदया, मैं तब हैरान हुआ था जब डॉ. जायसवाल जी मेडिकल काउंसिल बिल पर भाषण दे रहे थे । सरकार ने जब नीट की एक परीक्षा की व्यवस्था की तो देश के कई लोग कोर्ट में गए और कोर्ट के माध्यम से जजमेंट लाए । सुप्रीम कोर्ट के जो जज रिटायर होने वाले थे, उसके पहले उन्होंने इतना बड़ा लैंडमार्क जजमेंट दे दिया । मेडिकल काउंसिल के माध्यम से भ्रष्टाचार के बारे में सभागृह में कितनी चर्चा हुई है, उसके बारे में हमें पता है ।

सरकार ने बिल के माध्यम से एमसीआई को बर्खास्त किया और एनएमसी को लाई, यह बहुत अच्छी पहल थी । कितने लोग हैरान और परेशान हुए । जो हमारे मैरिट में आने वाले बच्चे थे, वे एडमिशन प्राप्त करने से वंचित रह गए और जिन्हें एडमिशन नहीं मिलना चाहिए था, वे पैसे के प्रभाव से सिस्टम से आ गए और इस वजह से बहुत परेशानी हुई ।

20.00 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

अध्यक्ष जी, नेशनल ज्यूडिशियरी एपॉइंटमेंट कमीशन के बारे में भी बहुत लोगों ने अपनी-अपनी बात कही है । हमारी सरकार का बहुत ही प्रामाणिक प्रयास है कि ज्यूडिशियरी सिस्टम को हम ठीक करें । यह पहली सरकार है जिसने सुप्रीम कोर्ट के जज की प्रक्रिया के लिए देश के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, देश के विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के जो रिटायर होने वाले जज हैं, ऐसे चार मुख्य लोग रखे हैं । यह बहुत अच्छी प्रक्रिया है, लेकिन फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने इसे वापस भेजा है । मैं चाहूंगा कि देश के प्रधान मंत्री और कानून मंत्री सुप्रीम कोर्ट के जजेज की नियुक्ति के लिए आने वाले दिनों में बहुत बड़ा बदलाव कैसे लाएं, उसके बारे में प्रयास करेंगे ।

अध्यक्ष जी, हम नए भारत की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं । वर्ष 2022 तक देश में जितने भी पुराने केसेज हैं, वे सारे खत्म हों, इसके लिए कानून मंत्री को प्रयास करना चाहिए । देश के प्रधान मंत्री जी ने बहुत जवाबदारी ली है कि वर्ष 2022 तक हमें बहुत कुछ पूरा करना है । मैं चाहूंगा कि हमारे कानून मंत्री वर्ष 2022 तक जितने भी लम्बित केसेज हैं, उन पर सुनवाई पूरा करें, क्योंकि जब केसेज बहुत लम्बे चलते हैं, तो जो व्यवसाय करने वाले लोग हैं, उन्हें बहुत परेशानी होती है । हमारे प्रधान मंत्री जी का सपना है कि हम बहुत जल्दी 5 ट्रिलियन इकोनोमी की तरफ बढ़ें । यदि कोर्ट केसेज का निपटारा हम समय से नहीं करेंगे, तो व्यवसाय करने वाले लोगों का आधा समय कोर्ट में चला जाता है और बहुत पैसा लगता है । समय की बर्बादी भी होती है, तो वे व्यवसाय कब करेंगे?इसके लिए वर्ष 2002 तक सारे जुने केसेज खत्म कैसे हों, उसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए । आप संसद को इतने लम्बे समय तक चलाते हैं और हम उतनी ही पगार में काम करने को तैयार हैं । आप इससे भी लम्बे समय तक संसद को चलाएं, लेकिन जजेज को ज्यादा पगार दीजिए, उनकी ज्यादा नियुक्ति कीजिए और जितने भी केसेज हैं, वे डबल शिफ्ट चलाकर सारे केसेज का निपटारा वर्ष 2022 तक कीजिए, इस प्रकार का प्रयास हमें करना चाहिए ।

अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद करता हूं ।

*DR. THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Hon'ble Speaker Sir,

This is a very important bill. There are so many cases pending in the country, not only in the Supreme Court of India, but also in High Courts and lower courts. Therefore, it is essential to increase the number of judges. I would like to reiterate only one point. In the appointment of judges, social justice should be followed. Candidates belonging to marginalised communities, backward castes, and women candidates, all of them have to be given reservation on proportionate basis. I request the Minister to amend the law accordingly. In the Supreme Court of India, very few persons belonging to the community of Scheduled Castes or Scheduled Tribes have become a Judge. A division bench of Supreme Court of India has to be established in southern states, either in Chennai or in Hyderabad to facilitate the easy movement of people from the southern States. I request the Union Minister of Law to ensure reservation in the appointment of judges. There are so many States in India. As per the present ratio, only one judge from every State is appointed in the Supreme Court of India. Each State should have contributed at least three judges to the Supreme Court. Therefore, there is a necessity of appointing Ninety Judges in the Supreme Court of India. On the basis of reservation to States, many judges have to be appointed. Particularly, women candidates and candidates belonging to marginalised sections and Scheduled Castes should also be given reservation in the appointment of Judges. I request the Minister to take appropriate steps to ensure this justice. I support and welcome this Bill. With these words, I conclude my speech.

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Sir, I will conclude my speech very shortly. I would like to raise three important requisitions before the hon. Minister.

First, whether the Government has established any bench in Chennai for Supreme Court. You are aware that the Law Commission in its 229th Report in 2009 has recommended for establishment of four Supreme Court benches in four corners of the country. One of them is Chennai.

Second is my concern about the representation of woman judges in the Supreme Court. I request the hon. Minister to increase the number of woman judges and bring in necessary amendments accordingly.

Third, I appreciate our hon. Prime Minister and the hon. Minister of Law and Justice for having made the facility to get judgement orders of the Supreme Court in regional languages. It is an effective step taken by the Government to make the common citizens of the country to

access the facilities of judicial system. But Tamil language is not included in that. Therefore, I request the hon. Minister to take necessary action for getting the Supreme Court judgements published in Tamil language on its website.

Through this Bill I hope that speedy disposal of important cases will be ensured. With these words, I support this Bill. Thank you.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, माननीय मंत्री जी के जवाब के बाद शून्यकाल चलेगा । माननीय मंत्री जी जितना संक्षिप्त जवाब देंगे, शून्यकाल के लिए उतना ही ज्यादा समय मिलेगा । आप जितना अधिक समय तक बैठेंगे, उतने लम्बे समय तक शून्यकाल चलेगा ।

माननीय मंत्री जी ।

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, मैं कोशिश करूँगा कि मैं संक्षेप में जवाब दे सकूँ, इसलिए मैं उन माननीय सदस्यों के नाम नहीं ले रहा हूँ, जिन्होंने इस बिल पर बोला है । सभी माननीय सदस्यों का बहुत सम्मान है । मैं शुरुआत यहीं से कर रहा हूँ ।

सभी माननीय सदस्यों ने इस बिल का समर्थन किया । I am grateful to all the hon. Members. सदन की यही सोच है ।

सर, कई बुनियादी मुद्दे उठाए गए, मैं एक-एक करके उनके उत्तर देना चाहूँगा । सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार की क्या भूमिका है और जूडिशियरी की क्या भूमिका है? The role of the Government is to give the infrastructure. But as far as hearing of the case and delivering the judgement is concerned, that is the job of the judiciary.

सरकार चाहे प्रदेश की हो या केन्द्र की हो, उनका रोल जूडिशियरी में हस्तक्षेप करने का नहीं होना चाहिए । लेकिन, सरकार का यह काम जरूर है कि वह जूडिशियरी को पूरा सपोर्ट करे । आपकी अनुमति से मैं कहना चाहूँगा कि आपकी जो सेक्रेट्री जनरल हैं, वे मेरे विभाग की सचिव रही हैं । जूडिशियरी में उन्होंने साथ में बहुत काम किये हैं । वे इस विषय को जानती हैं ।

मैं यहाँ पर कुछ बातें बताना चाहता हूँ । प्रधान मंत्री मोदी जी का निर्देश था कि जूडिशियरी के इंफ्रास्ट्रक्चर में कोई कमी नहीं होनी चाहिए । आप देखें, हमने पहला काम यह किया कि हमने हाई कोर्ट के जज़ेज की संख्या बढ़ाई । हमने उनकी संख्या 906 से 1079 की । It is an increase of more than 150 members. आज हम सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की संख्या बढ़ा रहे हैं । हम हाई कोर्ट जज़ेज की संख्या बढ़ा चुके हैं । लोगों ने कहा कि अपॉइंटमेंट को एक्सपेडाइट किया जाए । हाई कोर्ट्स में वर्ष 1989 से हर साल लगभग 72 से 82 लोगों की नियुक्ति होती है । यह एवरेज है । हमारी रिपोर्ट क्या है, I think Mr. Mishra would recall that the whole of 2014 and 2015 was lost in working on National Judicial Appointments Commission (NJAC). A stay was there.

सर, हमने वर्ष 2016 में 126 हाई कोर्ट जज़ेज की नियुक्ति की, which is the highest in the last 30 years. वर्ष 2017 में 115 जज़ेज की नियुक्ति की, वर्ष 2018 में 108 जज़ेज की नियुक्ति की और वर्ष 2019 में अभी तक हम 31 जज़ेज की नियुक्ति कर चुके हैं । मैं अपने विभाग के सचिव तथा पदाधिकारियों का अभिनन्दन करूँगा कि उन्होंने इसमें काफी सहयोग किया । इसके बारे में भी कुछ सवाल किए गए हैं, मैं उनके उत्तर दूँगा ।

सर, सब-ऑर्डिनेट जूडिशियरी में, मैं बहुत ही जिम्मेदारी से कहना चाहूँगा, 01.08.2019 तक 5262 वैकेंसीज हैं । मैं इस सदन को श्री दानिश अली जी को बड़े अदब से बताना चाहूँगा कि इसमें न हमारी कोई भूमिका है, न ही राज्य सरकार की कोई भूमिका है ।

Shri Pinaki Misra will confirm it. इसमें या तो हाई-कोर्ट खुद अपने एग्ज़ाम्स होल्ड करते हैं या उनके निर्देश पर पब्लिक सर्विस कमिशन करता है । राज्यपाल जी सिर्फ नोटिफिकेशन करते हैं कि इन लोगों को अपॉइंट किया गया है ।

Sir, I have been repeatedly telling the Judiciary that these appointments must be expedited. I must acknowledge that the present Chief Justice has taken some decisions, but hardly about 700 appointments have been made. ये जो पांच हजार वेकेंसीज़ हैं, अगर इन पर समय से नियुक्ति की जाए तो चीज़ें आगे बढ़ेंगी । इस बारे में भी बात की गई कि अपॉइंटमेंट में डिले होता है । कल्याण बाबू चले गए हैं, उन्होंने भी इस बारे में कहा था । मैंने पहले भी कहा था, जिसे मैं फिर रिपीट करता हूं कि as a law Minister, I am not a post-office nor will I be a post-office. मेरा काम यह नहीं है कि हाई-कोर्ट से जो फाइल आए, मैं उसे सुप्रीम कोर्ट भेज दूं । मैं नरेन्द्र मोदी सरकार का कानून मंत्री हूं । मैं माइंड अप्लाई करूंगा, अगर कमज़ोरियां होंगी तो उनके बारे में कोर्ट को बताऊंगा । …(व्यवधान) सर, मैं एनजेएसी बनाता हूं । …(व्यवधान) इसीलिए, जब वह यहां पर आता है तो हम आईबी की रिपोर्ट लेते हैं । …(व्यवधान) कई बार किसी के नाम पर शिकायत आती है । …(व्यवधान) सर, आप हमारे सदन के संरक्षक हैं । मैं आपके सामने एक प्रश्न रखना चाहता हूं । अगर कुछ अपॉइंटमेंट्स को लेकर वकीलों ने और जनता ने मुझसे शिकायत की तो क्या मैं शांत रहूं? मैं क्या करूं? मुझे उन पर इंक्वायरी करानी पड़ती है, जिसके कारण देरी होती है । कई बार हमारी आपत्तियों पर सुप्रीम कोर्ट की सहमति होती है । हमारे और उनके बीच वार्ता होती रहती है, इसलिए इसको समझने की ज़रूरत है ।

सर, अब मैं एनजेएसी पर आता हूं । इस पर बहुत बहस की गई है । पिनाकी बाबू ने भी इस बारे में कहा है । सुप्रीम कोर्ट ने जजमेंट दिया है । हम उसका सम्मान करते हैं । मैंने पहले भी कहा था, मित्रवर गिरिराज जी यहां बैठे हुए थे, अभी वे चले गए हैं । ...(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : वे चाय पीने गए हैं । ... (व्यवधान)

श्री रवि शंकर प्रसाद : अर्जुन मेघवाल जी भी हमारी इन टिप्पणियों से परिचित हैं । I have never agreed with the reasoning of the Supreme Court. हमने उस निर्णय को माना है, लेकिन हम आपके सामने बड़े अदब से कहते हैं । आप नए स्पीकर के रूप में हमारे संरक्षक हैं । पिनाकी जी ने बहुत सही कहा कि दोनों सदनों ने सर्वानुमति से पारित किया । उनके जजमेंट का मेन सार है, चूंकि लॉ-मिनिस्टर एनजेएसी में बैठेगा, इसलिए फेयरनेस की अपेक्षा नहीं हो सकती है। यह उसको तोड़ने का 'सम एंड सब्सटेंस' है ।

सर, मैंने जो पहले कहा था, उसे मैं सदन में बड़ी विनम्रता से दोबारा रिपीट करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा यह आग्रह और मेरी यह चिंता देश के सामने जाए, जिसके बारे में मैंने पहले भी कहा था । ...(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) : स्पीकर साहब यह इनीशिएटिव ले सकते हैं । ... (व्यवधान)

श्री रवि शंकर प्रसाद : स्पीकर सर, हम पार्लियामेंट्री फॉर्म ऑफ गवर्नमेंट हैं । प्रधान मंत्री जी गवर्नमेंट के हेड हैं और हम सारे मंत्री उनको रिपोर्ट करते हैं - रक्षा मंत्री रक्षा के क्षेत्र में, विधि मंत्री विधि के क्षेत्र में, होम मिनिस्टर होम के क्षेत्र में । मुझे यह बताइए कि भारत के प्रधान मंत्री, भारत के राष्ट्रपति, भारत के उप-राष्ट्रपति, लोक सभा के स्पीकर, राज्य सभा के चेयरपर्सन, सीवीसी, चीफ इलेक्शन कमिश्नर, यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन, भारत की तीनों सेनाओं के अध्यक्ष, जिनके पास एटम बम की कुंजी होती है, जिस बटन को वह दबाता है तो

बम चलता है । भारत के लोग अपनी सुरक्षा की पूरी एश्योरेंस उसके हाथों में देते हैं । भारत का प्रधान मंत्री इतना काम कर सकता है और अपने कानून मंत्री के माध्यम से भारत का प्रधान मंत्री एक फेयर जज अपॉइंट नहीं कर सकता, यह ऐसा तर्क है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है । ...(व्यवधान) यह मैं बहुत ही विनम्रता से कहना चाहूंगा । ...(व्यवधान) कभी इस पर कोई प्रश्न आएगा तो मैं विस्तार से चर्चा करूंगा । But I am very firm and as a lawyer, I have great respect for my institutions, namely, the High Court and the Supreme Court. I proudly say that in making me what I am these two institutions have played a great role, but as a Member of Parliament, I am equally proud of this institution, namely, the Parliament, the top law-making body. यह कहा जाए कि पार्लियामेंट के किसी रिप्रेज़ेनटेटिव का कोई इन्वॉल्वमेंट होगा ही नहीं । मुझे एक बात तो यह कहनी है । मुझे दूसरी बात यह कहनी है कि भारत के संविधान में अकाउंटेबिलेटी की प्रक्रिया रही है । मैं शायद सदन में यह बात पहली बार बोल रहा हूं । हम सदन में अकाउंटेबल हैं, क्योंकि जनता ने हमें चुना है और इस सदन के माध्यम से हम देश के प्रति अकाउंटेबल हैं । अगर हम ठीक से काम नहीं करेंगे तो जनता हमें हरा देगी । यह पूरा सिस्टम अकाउंटेबिलेटी का है ।

कभी-कभी न्यायमूर्तियों को भी बहुत विनम्रता से कहता हूं कि उनको अपनी अकाउण्टेबिलिटी के बारे में विचार करना चाहिए कि उनकी अकाउण्टेबिलिटी कहां है और किस हद तक है? हम न्यायपालिका की ईमानदारी, न्यायपालिका की निष्पक्षता, न्यायपालिका की स्वायत्तता और न्यायपालिका की आजादी के पूरे समर्थक हैं । I want to make it very clear that our Government is absolutely committed to an independent judiciary. लेकिन अगर यह कहा जाए कि देश की पॉलिटी की कोई भूमिका नहीं है तो ये बड़े सवाल हैं । इन पर कभी न कभी चर्चा करने की जरूरत है । लोगों ने कहा है कि आगे इसको लाया जाए तो देखना पड़ेगा । पिनाकी बाबू मैं आपसे क्या बताऊं? यह जो पूरा आपका टैक्सेशन था, जी.एस.टी., इस पर कितने पापड़ बेलने पड़े, मुझे बताइए? अगर सर्वानुमति हो तो हम बिल्कुल तैयार

हैं, लेकिन अगर सर्वानुमति में जब सियासत होती है, तो दिक्कत होती है । मैं चाहता हूं कि एक स्वर में इसके बारे में बात बोलनी चाहिए । मिस्टर राजा चले गए हैं, उन्होंने आडवाणी जी के कोट को मेंशन किया । If a particular observation of Shri L.K. Advani, a veteran leader, in connection with a particular political activity of Emergency has been mentioned that we have to be assured that there is no invasion of liberty, I am sorry to say that, that cannot be used as a ground because Shri Advani ji has also voted in favour of NJAC in 2014 when we brought that Bill. Therefore, I would like to say that these reasonings at best were avoidable. आप देखिए उसी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक जज साहब को कंटेम्प्ट में जेल भेजा था । उस समय जूडिशियल अपॉइंटमेंट के बारे में क्या-क्या कहा गया था? आज मैं कहता हूं कि ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट में थोड़ी स्क्रीनिंग होनी चाहिए । यह बात शायद आपने कही थी और किसी और ने भी कही थी ।

सर, आज ज्यूडिशियरी बहुत इंपोर्टेंट है । मैं आपकी शुभकामना और मित्रों की शुभकामनाओं से, this is my third time as Law Minister of India. The first term was during Vajpayee ji's Government. आज देश अपेक्षा करता है कि जो डिप्राइव्ड कम्युनिटी है, उसके लोगों को जगह मिलती है या नहीं मिलती है? लोग मुझसे सवाल पूछते हैं । क्षमा करें सर, मैं यह कभी नहीं मानता हूं कि उपेक्षित समाज के लोगों में क्षमता और प्रतिभा नहीं है । केवल अवसर मिलना चाहिए, भगवान प्रतिभा सभी में देता है, यह मैं पूरे विश्वास से कहता हूं । आज हम लोगों ने भी कोशिश की और मुझे इस बात का बहुत आश्वासन है कि सुप्रीम कोर्ट में एक उस समाज के जज आए हैं । वह बहुत योग्य जज हैं, जो आगे भविष्य में भारत के मुख्य न्यायाधीश भी बनेंगे । यह हमारी प्रक्रिया है और हमारी कोशिश आगे भी रहेगी । मैं यही बात महिलाओं के बारे में भी कहता हूं । आप लोगों को मालूम होना चाहिए कि for the first time, a woman has been directly appointed as the Judge of the Supreme Court and this has happened in our Government. You know it very well. We will try to follow it more and more.

सर, अब बात पेंडेंसी की आती है । यह बात बहुत सही कही गई है । पिनाकी जी ने कही है, दानिश अली जी ने कही है और भी कई लोगों ने कही है । मैं इसके बारे में थोड़े आंकड़े बता दूं, तो उनसे स्थिति बड़ी स्पष्ट हो जाएगी । हाई कोर्ट्स में 43.07 लाख केसेज पेंडिंग हैं । सुप्रीम कोर्ट में 58 हजार हैं, मैंने यह बताया भी था । डिस्ट्रिक्ट सब-ऑर्डिनेट कोर्ट्स में 3.07 करोड़ केसेज पेंडिंग हैं । सर, एक बात समझें कि ऐसा नहीं है कि डिस्पोजल नहीं हुआ है, लेकिन डिस्पोजल और नए केसेज का फाइल होना दोनों ही साथ-साथ चलते हैं । आजकल एक समस्या और हो गई है, वह है पी.आई.एल. । मैं पी.आई.एल. का बड़ा समर्थक रहा हूं । हमारे बिहार के लोग जानते होंगे कि बिहार में बड़े-बड़े भ्रष्टाचारों को उजागर करने में हमारी कुछ भूमिका रही है तो मैं उसका पक्षधर हूं । गरीबों को न्याय मिले और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हो । सर, देश में एक नई चिंता हो गई है । मैं यह सदन में पहली बार बोल रहा हूं । पिनाकी जी एप्रिशिएट करेंगे । कुछ लोग सुबह अखबार देखते हैं और 11 बजे केस फाइल कर देते हैं । पी.आई.एल. का लोड बढ़ रहा है । मुझे एक बात और कहनी है । मैं आपकी अनुमति और संरक्षण में बोल रहा हूं कि न्यायमूर्ति जजमेंट में जो कहना हो कह लें, हमारा स्वागत है । अगर केस को समझने के लिए ऑब्जर्वेशन करना है, जरूर करें । यह उनका अधिकार है, लेकिन जो स्वीपिंग कॉमेंट्री कर देते हैं, इसके बारे में थोड़ा सोचने की जरूरत है ।

महोदय, मैं बड़ी विनम्रता से आज इस सदन के माध्यम से इस देश की पीड़ा कनवे करना चाहता हूं । कई बार नई-नई पॉलिसीज बनती हैं, जो पॉलिसीज कोर्ट ने अपहोल्ड कर दी हैं । अब आप कमेन्ट कर देते हैं- India has failed; this country has failed. आज 70 सालों बाद यह देश आजाद हुआ है । यह देश मजबूत हुआ है । आज दुनिया में हम बड़ा नाम कर रहे हैं । माननीय न्यायमूर्ति का हम पूरा सम्मान करते हैं, But, if they have the courage, then they should write it in their judgement and give the reasons so that it can be considered by the Supreme Court whether it is right or wrong. That is my point. I am very clear about it.

सर, हम क्या कर रहे हैं? हमने टेक्नोलॉजी का बहुत प्रयोग किया है । किसी ने डाटा ग्रेड की बात की । उसमें लगभग 9 करोड़ से अधिक केसेज हैं । मैं आपको बताता हूं कि मैं क्या करता हूं । हम सारे चीफ जस्टिस को लिखते हैं कि 10 साल से ऊपर के जितने भी क्रिमिनल केसेज हैं, उनको प्रायॉरिटी से डिस्पोज ऑफ करें । श्री दानिश अली जी, मैं आपकी पीड़ा से पूरी तरह अवगत हूं कि इलाहाबाद हाईकोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट है । वहां सन् 1980, 1985 के केसेज पेंडिंग हैं । केस का फैसला माननीय न्यायमूर्ति को करना है । हम केवल आग्रह कर सकते हैं और यह आग्रह मैं बार-बार करता रहता हूं कि आप इसको करें । टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम लोगों ने देश भर में लगभग 17 करोड़ केसेज को डिजिटाइज कर दिया है । इसके माध्यम से समस्त इलेक्ट्रानिक्स डाटा मिल जाता है । कोर्ट ने काफी अच्छा काम किया है ।

सर, बार-बार एक प्रेस कांफ्रेंस की बात की गई । उसके बारे में मैं किसी का नाम तो नहीं लूंगा, लेकिन एक बात जरूर कहूंगा कि ज्यूडीशियरी के अंदर चिंता हो सकती है, डिफरेंसेज हो सकते हैं, लेकिन वे डिफरेंसेज बाहर नहीं आने चाहिए, उनका निपटारा अन्दर ही हो जाना चाहिह । इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए । हमारी बहुत ही स्पष्ट सोच है । अगर डिफरेंसेज हैं, तो जब वे बाहर आते हैं तो देश में बहुत चिंता होती है । हम इस मुल्क के ज्यूडीशियरी सिस्टम का बहुत सम्मान करते हैं, because some of the finest judgments have been given by the Judiciary of India. जब मैं इमरजेंसी के खिलाफ लड़ता था, तो कई जजेस तो झुक गए थे । इसी सुप्रीम कोर्ट में उस समय की सरकार ने बहस की थी कि अगर इमरजेंसी में किसी को गोली मार दी जाती है, तब भी कोई सुनवाई नहीं है । उस समय सुप्रीम कोर्ट ने एडीएम जबलपुर में उसको स्वीकार किया था । लेकिन एक जज थे, जिनका नाम मैं आज सदन में लूंगा, वे थे श्री एच आर खन्ना जी । उन्होंने कहा था कि इमरजेंसी में भी हिन्दुस्तान के लोगों का मौलिक अधिकार समाप्त नहीं होगा ।

सर, आप याद करिए, उनको भारत का मुख्य न्यायाधीश बनना था, किन्तु उस समय की सरकार ने उनको सुपरसीड किया और उन्होंने सुपरसेशन ले लिया । उस समय न्यूयार्क टाइम्स ने एक सम्पादकीय लिखा था कि 'भारतीयों,

अगर भारत इमरजेंसी के बाद दोबारा कभी आजाद होगा, तो इस जज की तस्वीर लगाना । यह बहादुर जज था । जब हिन्दुस्तान कमजोर था, इसने हिम्मत दिखाई ।' उसको हम लोगों ने अपने अंडरग्राउण्ड मूवमेंट में बहुत बांटा था । आज श्री एच आर खन्ना जी की तस्वीर सुप्रीम कोर्ट के कोर्ट नंबर 2 में लगी हुई है, जहां वे बैठते थे । ज्यूडीशियरी की उस परम्परा का हम बहुत सम्मान करते हैं । लेकिन बदलते समय के अनुसार कुछ देखने और सोचने की जरूरत है । हमने ज्यूडीशियल ट्रेनिंग की भी बहुत बात की है । श्री पी.पी. चौधरी जी कहां हैं? … (व्यवधान) । एक मिनट रुकिए, सर, मैं उनका पूरा परिचय दे देता हूं । Shri P.P. Chaudhary, hon. Member of Parliament, senior advocate and former Union Minister of Law. Is it all right now?

सर, श्री पी.पी. चौधरी जी मेरे साथ काम कर चुके हैं और मेरे बड़े प्रिय हैं । आज उन्होंने भी लम्बा भाषण दिया था । उन्होंने कहा प्रीमिडिएशन की बात की थी । उसमें हम लोग काफी आगे बढ़ रहे हैं । अभी हम लोगों ने कॉमर्शियल कोर्ट को बनाया है, उसमें हम लोगों ने कहा है कि लिटिगेशन से पहले प्रीमिडिएशन होगा और इसको और आगे बढ़ाने की जरूरत है । लोक अदालत को आगे बढ़ाने की जरूरत है ।

सर, मैं एक-दो बातें और कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा । मैं आई.टी. मंत्री हूं । एक कॉमन सर्विस सेंटर मूवमेंट को हमने आगे बढ़ाया है । देश की साढ़े तीन लाख ग्राम पंचायतों में लगभग 12 लाख बच्चे-बच्चियां काम करते हैं । आपको बताना चाहता हूं कि मैंने उनसे कहा कि तुम प्रीलिटिगेशन एडवाइज दो । कहीं कोई किसान परेशान है, कोई खेतिहर मजदूर परेशान है । आज मैंने बिहार, यूपी और नॉर्थ-ईस्ट में लगाया, तो 80 हजार प्रीलिटिगेशन एडवाइज मिले हैं और अब पूरे देश को मैं इसमें ले जा रहा हूं । हम इस तरह से काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे । कुछ लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट जजेस की उम्र बढ़ा दीजिए, पिनाकी बाबू जी ने कहा और आपने भी कहा । यह मेरी सरकार का व्यू नहीं है, बल्कि उनका विचार है । अगर हाई कोर्ट के जजेस का मैं बढ़ा दूं तो क्या गारंटी है कि सुप्रीम कोर्ट नहीं कहेगा कि हमारे जजों की भी बढ़ा दो । आप ऐसी बात मत कीजिए । इसके अलावा बाकी कांस्टीट्यूशनल अथॉरिटीज़ हैं, सीएजी,

सीवीसी और इलेक्शन कमीशन इत्यादि है, उनकी भी बात आएगी । हमारी सेना के चीफ कह सकते हैं कि हम भी 60 साल में स्वस्थ रहते हैं । उसके बाद आईएएस सेक्रेटरी कहेंगे कि हम भी तो ठीक रहते हैं । इस बारे में पूर्णता में विचार करना होगा । This matter is not free from difficulty, though, I acknowledge that a request has been made. लेकिन एक बात किसी ने कही कि रिटायर्ड जजेस की सीमा होनी चाहिए । मैं इससे बिलकुल एग्री करता हूं कि रिटायर्ड जज कितने लगेंगे, इस पर विचार करना चाहिए । Let fresh people get appointed. हां, कुछ जगह हैं, जैसे प्रेस काउंसिल और ह्यूमन राइट्स कमीशन है, वहां सिर्फ रिटायर्ड जज ही बन सकते हैं, इसलिए इसको ध्यान में रखना होगा ।

सर, नाम बदलने की बात भी कही गयी । इस पर हमारी गम्भीर समस्या है । नये बैंच खोलने की भी बात है । मैं बिल लेकर आया था । we do not want a change. आप मुम्बई की बात कर रहे थे, कुछ लोग कहते हैं कि महाराष्ट्र हाई कोर्ट कर दो । आप कह रहे हैं, लेकिन मैं आपको पूरा विचार दे रहा हूं । ओडिशा की बात आयी तो वहां भी दो व्यू हैं कि चार बैंच और कर दो । सर, मैं यह सोच रहा हूं कि सभी के कन्सेन्सेस से इसको आगे बढ़ाया जाए, क्योंकि इसमें सभी के अलग-अलग विचार हो सकते हैं । लेकिन नये बैंच के बारे में आप ध्यान रखिए, चाहे कोल्हापुर हो या शोलापुर हो, मेरठ या मलियान हो, इसके लिए हाई कोर्ट का कंकरेंस जरूरी है, तभी मैं कार्रवाई कर सकता हूं । आपके यहां तो औरंगाबाद में भी है, नागपुर में भी है, मुम्बई में भी है और गोवा में भी है, अब आप शोलापुर कह रहे हैं, लेकिन कोल्हापुर के लिए भी हम से आकर मिल चुके हैं । इसलिए इसके बारे में विचार करना पड़ेगा । वेस्टर्न यूपी के बारे में मैं दानिश अली जी को बताना चाहता हूं कि हमारे मित्र राजेंद्र अग्रवाल जी इस बारे में कई बार मिल चुके हैं । यह आज से नहीं अपितु पिछले पांच साल से सक्रिय हैं । इनकी सक्रियता के लिए मैं इनका अभिनंदन करता हूं । इसलिए कन्सेन्सेस बनना चाहिए । मैं पूरी कोशिश करूंगा । अर्जुन मुंडा जी यहां नहीं हैं, वह भी दुमका के लिए बैंच की मांग कर रहे हैं । इस के बारे में विचार करना होगा, लेकिन मैं एक बात सदन में अंत में कहना चाहूंगा कि इतनी अच्छी चर्चा हुई,

जिसके लिए मैं सभी का अभिनंदन करता हूं, लेकिन ज्यूडिशियरी के प्रति सम्मान रहना चाहिए और ज्यूडिशियरी को हमारा पूरा सहयोग होना चाहिए । यही बात कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अगर सर्किट बैंचों की बात करेंगे, तो जितने माननीय सदस्य बैठे हैं, सब डिमांड करने लग जाएंगे और पूरी रात हो जाएगी तो भी यह डिमांड पूरी नहीं हो सकती है ।

प्रश्न यह है :

"कि उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) अधिनियम, 1956 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी ।

खंड 2 ***धारा 2 का संशोधन***

प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने ।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>

<u>खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया ।</u>

<u>खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए ।</u>

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए ।

श्री रवि शंकर प्रसाद : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।</u>